अमीश त्रिपाठी ने साउथ प्वाइंट के विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

कोलकाता: मशहूर लेखक अमीश त्रिपाठी ने साउथ प्वाइंट स्कूल के वार्षिक ऑनलाइन पुरस्कार वितरण समारोह में हिस्सा लिया। यूके से वह साउथ प्वाइंट के छात्र-छात्राओं के समक्ष इस कार्यक्रम में शामिल हुए। नेहरू सेंटर, लंदन के निदेशक व प्रतिष्ठित लेखक अमीश त्रिपाठी ने साउथ प्वाइंट हाई स्कूल और साउथ प्वाइंट स्कूल के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम स्कूल के फेसबुक पेज पर लाइव वेबकास्ट था, जहां छात्र, माता-पिता, पूर्व छात्र उपस्थित हुए। समारोह को बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन व साउथ प्वाइंट एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष **एच वी लोढ़ा** ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमने अतीत में जो कार्य किए हैं, आगामी चुनौतियों का सामना करेंगे और हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने से विचलित नहीं होंगे। डॉ. देबजीत

दास सरकार, सैन जोस के टेस्ला के मुख्य ऑटो पायलट हार्डवेयर आर्किटेक्ट, ने "सेल्फ-ड्राइविंग कारों की चमत्कारिक दुनिया" के बारे में जानकारी दी। डॉ. अर्कदेव चटर्जी, कॉर्नेल विश्वविद्यालय के वित्तीय अर्थशास्त्री ने "माइक्रो इकोनोमिक्स एंड इकोनॉमिक्स ऑफ पैंडेमिक्स" पर चर्चा की। आशीष तोषनीवाल, वाई-मीडिया लैब्स के सीईओ और संस्थापक, पार्थ सारथी चटर्जी, शेल एनर्जी के डेटा और एनालिटिक्स प्रमुख ने विचार व्यक्त किया।